कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

E-mail: nodalofficerddn@gmail.com Phone/Fax: 0135-2767611

पत्रांक– 94 / FP/UK/ROAD/15502/2015 देहरादूनः दिनांकः 09 जुलाई, 2021.

सेवा में,

श्री कुबेर सिंह बिष्ट,
वन संरक्षक,
दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त,
नैनीताल।

विषयः– जनपद–अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर के अन्तर्गत पूनागढ़–नाटाडोल मोटर मार्ग से सैम मन्दिर से नौली तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.547 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।
(ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या FP/UK/ROAD/15502/2015)

सन्दर्भः–प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल की पत्र संख्या 9741 / 13–नाटाडोल दिनांक 28–06–2021.

महोदय,

प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के उक्त विषयक पत्र, जो आपको सम्बोधित एवं अन्य सहित इस कार्यालय को पृष्ठांकित है, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा उक्त पत्र के माध्यम से विषयांकित मोटर मार्ग के सम्बन्ध में भारत सरकार की Online EDS दिनांक 31.03.2021 के द्वारा वांछित सूचना के क्रम में आख्या आपको प्रेषित की गयी है। प्रायः देखने में आ रहा है कि वन संरक्षकों द्वारा प्रभागीय वनाधिकारियों द्वारा उपलब्ध करायी सूचना/आख्या को ही अग्रेषित कर दिया जा रहा है। यह स्थिति उचित नहीं है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल द्वारा प्रेषित उक्त आख्या को अपनी टिप्पणी/आख्या एवं संस्तुति सहित ऑनलाईन/मेल के माध्यम से एवं मूल हार्ड प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। इसके अतिरिक्त भविष्य में प्रभागीय वनाधिकारी से प्राप्त अनुपालन आख्या/ ई0डी0एस0 को अपनी संस्तुति सहित बिन्दुवार इस कार्यालय को ऑनलाईन एवं हार्ड प्रति में इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

भवदीय,

(डा0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण।

संख्या 94 / FP/UK/ROAD/15502/2015 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मुख्य वन संरक्षक, कुमाऊँ, नैनीताल।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल।

(डा0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण।

O/C